तापमान
अधिकतम 44 .0 डिग्री
न्यूनतम 32 .5 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, सोमवार, जून 9, 2025

12 150 से अधिक प्रतिभागी आधुनिक कला शैलियों से...

11 संत कबीर दास जी के 627वें जन्मोत्सव पर सिवानी...


# सावधान ! गर्मी व लू के थपेड़े शुरू, तापमान पहुंचा 44 पार

*मई ठंडा बीता लेकिन तपने लगा जून, एकाएक गर्मी ने रफ्तार पकड़ ली है, दो दिन से आमजन को झुलसा रही है गर्मी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

■ एकाएक गर्मी ने रफ्तार पकड़ ली

मई माह में आए कई पश्चिमी विक्षोभ से भले ही मौसम ठंडा रहा और नागरिकों ने गर्मी के मौसम में भी ठंड का अहसास लिया लेकिन अब एकाएक गर्मी ने रफ्तार पकड़ ली है। जिले में दो दिन से झुलसाने वाली गर्मी पड़ रही है, जिसके चलते अधिकतम भी एकाएक बढ़ गया। रविवार को हिसार का अधिकतम तापमान 44 डिग्री दर्ज किया गया।



मौसम वैज्ञानिकों ने संभावना जताई है कि फिलहाल गर्मी व लू का दौर चलेगा। सोमवार 9 जून से एक बार फिर लू चलेगी। राजस्थान के साथ लगते हरियाणा के 11 जिलों सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, झज्जर, रोहतक, पलवल, रेवाड़ी और मेवात में लू का असर देखा जा सकता है। भीषण गर्मी के चलते हरियाणा एनसीआर में झुलसाने वाली गर्मी ने रफ्तार पकड़ लीं है। गर्मी और हीट वेव ने पश्चिमी हिस्सों को अपने गिरफ्त में ले लिया है। सम्पूर्ण हरियाणा एनसीआर दिल्ली में तापमान में उफान देखने को मिल रहा है। मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मई महीना रिकॉर्ड तोड ठंडा रहा जून महीने का पहला सप्ताह में भी आमतौर पर तापमान सामान्य से नीचे बना रहा। वर्तमान परिदृश्य में किसी भी मौसम प्रणाली का असर न होने की वजह से और साथ ही साथ मरूस्थलीय पश्चिमी गर्म और शुष्क हवाओं के आगाज से व सूर्य देव की चटक चमकदार धूप ने सम्पूर्ण इलाके में एक बार फिर तापमान में उछाल देखने को मिल रहा है।

## बदलते मौसम के मिजाज के चलते यह है पुर्वानुमान

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्र मोहन के अनुसार हरियाणा एनसीआर दिल्ली में आने वाले चार पांच दिनों तक पश्चिमी शुष्क व गर्म हवाएं चलने साथ ही साथ ही आसमान से आग बरसने की गतिविधियां देखने को मिलेगी। पूरे इलाके में लगातार तापमान में बढ़ोतरी के साथ हीट वेब लू अपने तेवर दिखाएगी। हालांकि एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ 12 जून को सक्रिय होने से केवल उत्तरी जिलों पर मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिलेगा। इसके पीछे एक और नया पश्चिमी विक्षोभ 14 जून को उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने 15 और 16 जून से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में तेज गति से हवाएं चलने अंधड़ आंधी और गरज चमक के साथ बिखराव वाली हल्की बारिश बूंदाबांदी प्री मानसून जैसी गतिविधियां फिर से जोर पकड़ने की संभावना है। इस दौरान उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों के साथ मैदानी राज्यों विशेषकर पंजाब से सटे हरियाणा के जिलों पर तेज गति से हवाएं चलने अंधड़ और हल्की बारिश बूंदाबांदी की गतिविधियों की उसके बाद 18—19 जून को एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने से 18 से 23 जून के दौरान हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम में बदलाव तेज गति से हवाएं चलने अंधड़ और हल्की बारिश बूंदाबांदी की प्री मानसून गतिविधियों की संभावना बन रही है।

## अधिकतर स्थानों पर यहां तक पहुंचा तापमान

हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर दिन और रात का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से 45.0 डिग्री सेल्सियस से उपर पहुंच गया है और आसमान से आग बरसने लगी हैं। पूर्वी हवाओं के स्थान पर मरूस्थलीय पश्चिमी गर्म हवाएं चलने की वजह से यह पारा चढ़ने लगा है।

## खबर संक्षेप

### बीज की दुकान से गेहूं चोरी में एक गिरफ्तार

**हिसार।** सदर पुलिस ने उत्तम सीड्स से गेहूं चोरी के मामले में एक आरोपी ढंढूर निवासी सुनील को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा गेहूं और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। मुख्य सिपाही अजयदीप ने बताया कि 8 मई को थाना सदर हिसार में उत्तम सीड्स हिसार के गोदाम से गेहूं बीच चोरी होने के बारे में रमेश कुमार ने शिकायत दी थी। इस पर सदर थानाकेस द र्ज करके कार्रवाई करते हुए उपरोक्त आरोपी सुनील कुमार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा गेहूं और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किया है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### घर से सामान चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**उकलाना।** उकलाना पुलिस ने उकलाना मंडी स्थित मकान से सामान चोरी के मामले में नामजद आरोपी उकलाना गांव निवासी मोनू को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही जितेन्द्र ने बताया कि इस संबंध में उकलाना निवासी महिला सुषमा ने उसके घर से ड्रम में रखा सामान और पंखा चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि 14 मई को वह अपने पति के साथ दुकान पर गई थी। पीछे से मोनू और बिट्टू ने घर में रखे ड्रम से सामान और पंखा चुरा लिया। एक पड़ोसी ने उन्हें चोरी के बारे सूचना दी। पुलिस ने दी गई शिकायत पर केस दर्ज करके छानबीन करते हुए नामजद आरोपी मोनू को गिरफ्तार किया है।

### अवैध पिस्तौल के साथ एक गिरफ्तार

**हांसी।** अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान एंटी नारकोटिक सेल पुलिस ने अवैध पिस्तोल सहित बीड़ फार्म निवासी हिमांशु को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार एंटी नारकोटिक सेल को गश्त पड़ताल दौरान प्राइमरी स्कूल बीड़ फॉर्म से बीड़ फॉर्म रोड पर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। तलाशी ली तो उसके पास एक अवैध देसी कट्टा बरामद हुआ।

## एयरपोर्ट अथॉरिटी ने फ्लाइट को हफ्ते में दो दिन उड़ान भरने के लिए स्लॉट जारी किया

# हिसार से चंडीगढ़ के लिए हवाई सेवा आज से मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ, सभी तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

खास खबर

हरियाणा के पहले एयरपोर्ट हिसार एयरपोर्ट से चंडीगढ़ के लिए हवाई सेवा शुरू होने में कुछ ही घंटे शेष है। सोमवार को प्रदेश के मुख्यत्रमंत्री नायब सिंह सैनी झंडी दिखाकर हिसार से चंडीगढ़ के लिए फ्लाइट को रवाना करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप से दिया गया है वहीं एयरपोर्ट अथॉरिटी ने अलायंस एयर की एटीआर-72 सीटर फ्लाइट को हफ्ते में दो दिन उड़ान भरने के लिए स्लॉट भी जारी कर दिया है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए जिले की अतिरिक्त उपायुक्त व अन्य अधिकारी तैयारियों का जायजा ले चुकी हैं। हिसार के महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट होने वाले कार्यक्रम की तैयारियां जोर—शोर से जारी है। एयरपोर्ट से चंडीगढ़ जाने वाली फ्लाइट को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरी झंडी दिखाएंगे और इसी साथ लोग अब केवल एक घंटे में हिसार से चंडीगढ़ की यात्रा कर

### पहली फ्लाइट कस शेड्यूल

तय शेड्यूल के अनुसार चंडीगढ़ से हिसार की पहली फ्लाइट सोमवार दोपहर 3 बजकर 20 मिनट पर रवाना होगी और शाम 4 बजकर 30 मिनट पर हिसार पहुंचेगी। वापसी की फ्लाइट हिसार से शाम 4 बजकर 55 मिनट पर उड़ान भरेगी और शाम 5 बजकर 55 मिनट पर चंडीगढ़ पहुंचेगी। चंडीगढ़ से हिसार की उड़ान का समय करीब 1 घंटा 10 मिनट और हिसार से चंडीगढ़ की उड़ान लगभग एक घंटा रहेगा। अलायंस एयर इस मार्ग पर फ्लेक्सी किराया मॉडल के तहत बुकिंग कर रही है, जिसमें किराया 1449 रुपए से 1704 रुपए के बीच तय किया गया है।




हिसार। एयरपोर्ट का फाइल फोटो।

▶▶ चंडीगढ़ से हिसार की उड़ान का समय करीब 1 घंटा 10 मिनट और हिसार से चंडीगढ़ की उड़ान लगभग एक घंटा रहेगा।

### बस में चार तो फ्लाइट से लगेगा एक घंटा

हिसार से चंडीगढ़ की दूरी करीब 252 किमी है। सड़क के रास्ते चंडीगढ़ पहुंचने में जहां करीब चार घंटे लगते हैं जबकि ट्रेन से यह सफर 7 घंटे का हो जाता है। हालांकि, अब हवाई मार्ग से यह समय काफी कम हो जाएगा। फ्लाइट से लगभग एक घंटा में ही यात्री चंडीगढ़ पहुंच सकेंगे।

**अयोध्या और नांदेड साहिब के लिए भी जल्द फ्लाइट सेवा**

चंडीगढ़ एयरपोर्ट के सीईओ अजय वर्मा ने बताया कि हिसार के बाद अब अयोध्या और नांदेड साहिब के लिए भी सीधी फ्लाइट सेवा शुरू करने पर एयरलाइंस के साथ बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि ये दोनों धार्मिक स्थल हैं और यात्रियों की सुविधा एयरपोर्ट अथॉरिटी की प्राथमिकता में हैं।

प्रधानमंत्री ने 14 अप्रैल को किया था उद्घाटन।

### धारा-163 लागू

हिसार। जिलाधीश अनीश यादव ने महाराजा अग्रसेन हिसार हवाई अड्डा परिसर में 9 जून को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यक्रम क्षेत्र के दो किलोमीटर के दायरे में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के अंतर्गत आदेश पारित किए हैं। जिलाधीश अनीश यादव ने इस दौरा कार्यक्रम के दौरान आयोजन स्थल पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने व किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए 9 जून को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के अन्तर्गत सभी संबंधित स्थानों व मार्गों व उसके आसपास की दो किलोमीटर की परिधि के अंदर ड्रोन आदि के उड़ाए जाने पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश पुलिस विभाग, अन्य ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों तथा जिलाधीश से अनुमति प्राप्त कार्यक्रमों पर लागू नहीं होंगे। इन आदेशों की अवहेलना में यदि कोई व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो वह भारतीय नागरिक सुरक्षा नियमावली 2023 की धारा-223 के तहत दंड का भागी होगा।

### शराब पीने पर 16 हजार का जुर्माना

## शराब पीकर बिना लाइसेंस व बिना हेलमेट बाइक चालक का किया चालान



हांसी। राजमार्ग पर शराब पीकर वाहन चलाने वाले युवक की जांच करते एसआई सुरेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

हांसी। राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने रविवार को एक मोटरसाइकिल चालक का 16 हजार का चालान किया। सब-इंस्पेक्टर सुरेश कुमार ने बताया कि नियमित चेकिंग के दौरान वह राजमार्ग स्थित बरवाला फ्लाईओवर पर मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने मोटरसाइकिल सवार को कागजात जांच के लिए रोका। जांच के दौरान पाया गया कि व्यक्ति शराब के नशे में था और उसने हेलमेट नहीं पहना हुआ था और उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था। उन्होंने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाना (ड्रंक ड्राइविंग) बिना हेलमेट तथा बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने के ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने के तहत 16 हजार रुपये का चालान किया गया।

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें और स्वयं की व दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

# छत पर लोहे की पाइप चढ़ा रहे युवक की करंट से मौत

■ हाई वोल्टेज लाइन से टकराई लोहे की पाइप, मकान मालिक का 8 साल का बेटा भी झुलसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

तोशाम रोड स्थित रेलवे फाटक के समीप स्थित गांव ढाणी राजू में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। हादसे में 8 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से झुलस गया। मृतक युवक की पहचान ढाणी राजू निवासी 29 वर्षीय युवक पवन के रूप में हुई है।

सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। रविवार को मृतक पवन के पिता के बयान पर कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पवन अपने पड़ोसी राजेश के घर पर शेड लगवाने का काम कर रहा था। शनिवार शाम को वह सामान छत पर चढ़ा रहा था। इस दौरान जब पवन लोहे की एक पाइप को ऊपर खींच रहा था और इसी दौरान लोहे की पाइप मकान के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की बिजली की लाइन से टकरा गई और वह करंट की चपेट में आ गया जिससे मौत हो गई।

### मकान मालिक का 8 वर्षीय बेटा भी झुलसा

हादसे में मकान मालिक राजेश का आठ वर्षीय बेटा आरुष भी करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे के वक्त वह नीचे से पाइप को उपर उठा रहा था। आयूष को भी उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हिसार रेफर कर दिया गया। परिजनों ने उसे हांसी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका उपचार किया जा रहा है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही।

## नकली सोना गिरवी रख लोन लेने के मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार

**आदमपुर।** पुलिस ने आईसीआईसीआई बैंक की आदमपुर शाखा में नकली सोना गिरवी रख 6 लाख 44 हजार रुपए के लोन मामले में चौथे आरोपी उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के अहीरपुर निवासी पंकज कुमार उर्फ बंटी को जयपुर से गिरफ्तार किया है।

मामले में जांच अधिकारी उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि उक्त आरोपी पंकज कुमार उर्फ बंटी, आईसीआईसीआई बैंक की आदमपुर शाखा में 183.300 ग्राम नकली सोना गिरवी रख धोखे से 6 लाख 44 हजार रुपए का लोन लेने की वारदात में शामिल था। जांच अधिकारी ने बताया कि उपरोक्त आरोपी ने अपने साथियों धर्मवीर, राजबीर और संदीप उर्फ बबलू के साथ मिलकर उक्त बैंक की आदमपुर शाखा में नकली सोना गिरवी रखा और धोखे से 6 लाख 44 हजार रुपए का गोल्ड लोन लिया।

# मुठभेड़ में काबू पांच में से 3 बदमाशों को जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

## शनिवार को मुठभेड़ के बाद पुलिस ने पकड़े थे पांच बदमाश

जिले के गांव सीसवाला के पास एसटीएफ टीम व बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद काबू किए पांच बदमाशों में से तीन को अदालत में पेश किया गया जबकि गोली से घायल हुए दो बदमाशों का नागरिक अस्पताल में इलाज जारी है। अदालत में पेश किए गए तीनों बदमाशों अंकित, रामचन्द्र व अमित को जेल भेज दिया गया है। दोनों घायलों बालसमंद निवासी आर्यन व राहुल उर्फ गब्बू का फिलहाल उपचार चल रहा है।

ज्ञात रहे कि शनिवार को जिले के गांव सीसवाला के पास एसटीएफ टीम व बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद पांच बदमाशों को काबू किया गया था। काबू किए गए बदमाशों में बालसमंद निवासी आर्यन व राहुल उर्फ गब्बू, रावलवास कलां निवासी अंकित, सरसाना निवासी अमित तथा रावलवास कलां निवासी वेदप्रकाश उर्फ रामचन्द्र शामिल है। मुठभेड़ के दौरान इन गोली लगने से बालसमंद निवासी आर्यन व राहुल उर्फ गब्बू गोली लगने से घायल हो गए थे।

बताया जा रहा है कि करनाल में पर्ची फेंककर मोबाइल शॉप व्यापारी से रंगदारी मांगने के मामले में एसटीएफ टीम को शनिवार को सूचना मिली थी कि मामले के आरोपी एक गाड़ी में भिवानी रोहिल्ला-सीसवाला रोड पर कहीं जा रहे हैं। सूचना के बाद एसटीएफ टीम की दो गाड़ियां इन पांचों युवकों के पीछे लग गई। अचानक गाड़ी पलटने से ये युवक गाड़ी से निकलकर भागने लगे तो एसटीएफ टीम ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। पुलिस का कहना है कि इस दौरान भाग रहे युवकों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो युवक आर्यन व राहुल घायल हो गए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों सहित पांचों को काबू कर लिया। इस संबंध में एसटीएफ के उप निरीक्षक प्रदीप कुमार की शिकायत पर सदर पुलिस ने केस दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार बालसमंद निवासी आर्यन व राहुल उर्फ गब्बू, रावलवास कलां निवासी अंकित, सरसाना निवासी अमित तथा रावलवास कलां निवासी वेदप्रकाश उर्फ रामचन्द्र ने अवैध हथियारों से पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर करके जानलेवा हमला किया और सरकारी ड्यूटी में बाधा डाली।

### करनाल में की थी वारदात

पुलिस के अनुसार करनाल जिले में चार दिन पूर्व कुछ बदमाशों ने मोबाइल शॉप पर हवाई फायर कर एक करोड़ की रंगदारी मांगी थी। करनाल के व्यापारियों ने एसपी गंगाराम पूनिया से मिलकर आरोपियों के पकड़ने की मांग की थी। आरोपी दो बाइक पर सवार होकर मोबाइल शॉप पर आये थे। आरोप है कि उस समय इन बदमाशों ने गोलियां चलाते हुए दरवाजा खोलकर पर्ची फेंककर एक करोड़ की रंगदारी मांगी थी, जिसका केस करनाल पुलिस ने दर्ज किया था। पुलिस को सूचना मिली कि इन आरोपियों के तार इस रंगदारी मांगने के मामले से जुड़े हो सकते हैं। इस पर एक सूचना के आधार पर एसटीएफ टीम ने यह कार्रवाई की।

### ये हथियार हुए बरामद

मुठभेड़ व इस दौरान बदमाशों की गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों से 32 बोर का एक अवैध पिस्तोल, 9 एमएमए का एक पिस्तोल, 38 बोर का एक पिस्तोल, 32 बोर के चार जिंदा कारतूस, 9एमएम का एक जिंदा कारतूस व 38 बोर के तीन 3 जिंदा कारतूस बरामद किए।




हांसी। विकास परियोजना के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक विनोद भयाना।

### जमावड़ी गांव में बनेगा पशु चिकित्सालय : विनोद

हांसी। उपमंडल के गांव जमावड़ी में पशु चिकित्सा अस्पताल बनेगा। आगामी छह माह के अंदर बनकर तैयार होने वाले इस अस्पताल के निर्माण कार्य पर 30 लाख रुपए की धनराशि खर्च आएगी। यह बात विधायक विनोद भयाना ने रविवार को हलके में सवा करोड़ रुपए लागत की तीन विकास परियोजनाओं की आधारशिला रख निर्माण कार्य शुरू करवाते हुए कही। इनमें जमावड़ी में बनने वाले पशु चिकित्सा अस्पताल सहित कुलाना गांव में मुख्यमंत्री खेत खलिहान योजना के तहत 4800 फूट लंबे खेतों के कच्चे रास्ते को पक्का करने तथा बीड़ फॉर्म गांव को ढाणी पाल गांव से जोड़ने वाले कच्चे रास्ते को पक्का करने के विकास कार्य शामिल है। इस रास्ते की लंबाई लगभग 2400 फूट है। उन्होंने बताया कि कुलाना गांव में शुरू की गई विकास परियोजना पर 60 लाख रुपए की धनराशि खर्च आएगी। इस विकास परियोजना का निर्माण कार्य आगामी दो माह के अंदर पूरा हो जाएगा।

## ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने को सड़कों पर उतरी पुलिस

*शहर के मुख्य स्थानों पर चलाया गया अभियान आगे भी जारी रहेगा*

# नो पार्किंग और अवैध रूप से सड़क के किनारे खड़े वाहनों को क्रेन से उठा लेगी पुलिस : एसपी

*हिसार पुलिस ने अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था को ठीक कराने के लिए विशेष अभियान शुरू किया, जाम से लोगों को दिलाई जाएगी निजात*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार पुलिस ने अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था को ठीक कराने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि हिसार पुलिस यातायात व्यवस्था सुधारने और आमजन को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने को प्रयासरत है। शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने और जाम की स्थिति से निजात दिलाने के लिए आमजन में जागरूकता और पुलिस द्वारा अव्यवस्था करने वालों के खिलाफ कार्रवाई से स्थिति में काफी सुधार लाया जा सकता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शहर के बाजारों या सड़कों पर अगर किसी ने नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा दिया तो ट्रैफिक पुलिस द्वारा उस वाहन का चालान कर उसे क्रेन द्वारा उठा लिए जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर में वाहनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जबकि सड़कें वही हैं। ऐसे में कई लोग अपने वाहनों को सड़क पर ही कहीं भी पार्क कर जाते हैं। ट्रैफिक पुलिस द्वारा पहले भी नो पार्किंग के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया गया, परन्तु कुछ लोग नहीं मानते और वाहनों को कहीं भी बेतरतीब ढंग से खड़े कर देते हैं। शहर में मुख्यतः बस स्टेंड, तलाकी गेट, नागौरी गेट, पारिजात चौक, मटका चोक, कैंप चौक, डाबड़ा चौक और जिंदल चौक पर वाहनों के बेतरतीब खड़े होने से जाम की स्थिति उत्पन्न होती है।



हिसार। नो पार्किंग में खड़े वाहनों को ले जाती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### वाहनों को क्रेन से उठा ले गई पुलिस

*पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि हिसार ट्रैफिक पुलिस द्वारा अब तक नो पार्किंग में खड़े पांच वाहनों को क्रेन द्वारा उठाया गया है जो कार्रवाई जारी है। ट्रैफिक थाना प्रभारी को निर्देश दिए गए है कि ट्रैफिक पुलिस लगातार गश्त पर रहे और जहां भी कोई गाड़ी नो पार्किंग या अवैध रूप से सड़क किनारे खड़ी हो उसका चालान कर तुरंत क्रेन द्वारा उठाया जाए ताकि यातायात अवरुद्ध न हो। ट्रैफिक पुलिस द्वारा नो पार्किंग के पोस्टल चालान भी किए जाते हैं। कहा कि वाहन को निर्धारित स्थान पर पार्क करें। सड़क के बीच कहीं कोई वाहन पार्क न करें।*

*कभी फूलों की तरह मत जीना,*
*जिस दिन खिलोगे बिखर जाओगे*
*जीना है तो पत्थर की तरह जियो,*
*किसी दिन तराशे गए तो ख़ुदा बन जाओगे।*
**- हरिवंश राय बच्चन**



*शनिवार के दिन सुबह-सुबह औरतें पीपल के पेड़ पर मिठाई और चंद सिक्के शनिदेव को खुश करने के लिए चढ़ा जाती थी। शनिवार को स्कूल की छुट्टी भी बहुत जल्दी होती थी। मैं जल्दी ही छुट्टी से भी जल्दी भागती हुई घर की तरफ़ आती और वहां रखी मिठाई और सिक्के उठा लेती। मिठाई पेट के हवाले और सिक्के स्कूल बैग की जेब के हवाले कर देती थी।*



*मैं कभी अपने घर की गली और कभी सामने मंदिर के बराबर की तंग गली देखकर थक चुकी हूं। शायद मुझे किसी ने नहीं पहचाना इसलिए तो कोई बोला नहीं। मैं वापस जाने के लिए रिक्शा बुलाने ही वाली थी कि ट्रेन की सीटी और छुकछुक की आवाज सुनाई दी। मेरे कदम मंदिर के उस तरफ वाली चौड़ी सड़क की तरफ दौड़ पड़े, जहां से चंद क्षणों के फासले पर मैं रेल की पटरी के पास पहुंच जाऊंगी। पहले मैं यहां ट्रेन आने से पहले नकली खेलने वाले नोट रखकर इंतजार करती थी कि कब इन पर से ट्रेन गुज़रे और कब ये असली हो जायें। आज मन कर रहा था कि क्यों ना बैग के सारे नोट निकाल कर ट्रेन की पटरी पर रख दूं,ताकि ये नकली ही हो जायें, और मेरे वो लम्हें मेरे वो दोस्त, मेरी वो गलियां, मेरा वो पीपल मुझे वापस मिल जाए।*



कहानी

ललिता विम्मी

# वो मेरी गलियां

बहुत दिनों बाद, आज अपने शहर, अपनी गली, अपने घर की तरफ़ जाना हुआ था। हालांकि मेरा कुछ नहीं बचा था वहां, बहुत पहले ही सब के ठिकाने बदल गए थे। चिलचिलाती धूप, गर्म लूं के थपेड़े, सिर पर ओढ़े हुए सूती दुपट्टे को एक बार फिर और खोल कर लपेट लिया था मैंने।

वही गली थी, बस अब पक्की बन गई थी। बड़ी सी मुख्य सड़क के सामने मेरे घर की भीड़ी सी गली। मुख्य सड़क पर एक ओर मंदिर था, मंदिर के बाहर एक विशाल पीपल का पेड़ हुआ करता था। पीपल के पेड़ के बराबर में एक तंग सी गली, और गली के बराबर में ही सीधे हाथ पर एक दुकान जहां टाफियाँ, पीले रंग के नमकीन रोल, जो फूंक मारने से ही उड़ जाते थे। मीठी और तरह तरह के रंगों की रंगीन सी गोलियां बहुत मज़ा आता था उन्हें खाने में। कभी अलग-अलग रंग लेती, तो कभी एक जैसा रंग। दुकान वाला चाचा, जो कि सबका चाचा था, बहुत डांटता था, रंग खाने हैं या गोलियाँ'?

पीपल के पेड़ के बायें हाथ को भी एक छोटी सी हलवाई की दुकान थी जहां दूध, मिठाइयां और प्रसाद मिलता था।

शनिवार को सुबह-सुबह औरतें पीपल के पेड़ पर मिठाई और चंद सिक्के शनिदेव को खुश करने के लिए चढ़ा जाती थी। शनिवार को स्कूल की छुट्टी भी बहुत जल्दी होती थी। मैं जल्दी ही छुट्टी से भी जल्दी भागती हुई घर की तरफ़ आती और वहां रखी मिठाई और सिक्के उठा लेती। मिठाई पेट के हवाले और सिक्के स्कूल बैग की जेब के हवाले। मेरा एक सहपाठी नवीन जो कि मेरे साथ ही स्कूल जाया करता था। शायद मुझे ये सब करते देख चुका था। मेरे घर शिकायत करने की उसमें हिम्मत नहीं थी, क्यों कि उस समय मैं अपने ग्रुप की सरदार थी और नवीन जैसे बहुत से बच्चे, जिन्हें दूसरे बच्चों से झगड़ने से डर लगता था। वे सरदार की शरण में रहते थे। शनिदेव के उन सिक्कों से मेरा व्यापार भी चलता था। बहुत बच्चों को मैंने उधार दे रखा था। वापसी तो किसी से भी नहीं हुई थी पर पैसों के चलते मेरा अलग ही रौब था।

एक दिन हमारे स्कूल के बाहर एक अलग तरह की कुल्फी प्लेट में बिक रही थी, उसमें लच्छे भी थे। मुझे उस कुल्फी की बहुत इच्छा हुई, मेरी उस समय की भाषा में मुझे बस कुल्फी की भूख लगी थी। मैंने अपने सारे देनदारों से पैसे वापस मांगे, और वो भी धमका कर।

आधी छुट्टी पूरी होने तक मुश्किल से पैसे इकट्ठे हुए, मैंने कक्षा में ना जाकर कुल्फी वाले के पास खड़े होकर कुल्फी खाई।

मेरे पीछे मुझ से प्रताड़ित बच्चों ने मीटिंग करके आते ही मुझे टीचर से प्रताड़ित करवाया। मैं बहुत ही दुखी धीमे-धीमे कदमों से घर पहुंची ही थी कि घर पर भी एमरजेंसी अदालत लगी हुई थी। मुझे स्कूल में पिटता देखकर शायद नवीन के भी पर निकल आये थे। उसने मेरे घर में मेरी मां को सब बता दिया था ।

मां बेचारी बहुत परेशान थी, उन्हें ये चिंता थी कि शनिदेव के पैसे उठाकर जो भूल लड़की ने की है, शनिदेव से कैसे क्षमा याचना करवाई जाये।

बड़े ताऊजी और बड़ी मां को ये चिंता थी कि लड़की की जात और बदमाशी लड़कों से भी बढ़कर, यही संस्कार है तो आगे क्या करेगी? पापा को ये चिंता थी कि पीपल के पेड़ पर से कुत्ते भी चीजें खाते रहते हैं। इतनी गंदगी, इतनी मक्खियां, बच्ची को कोई बीमारी लग गई तो? मां को भी डांट रहे थे, तुम उसे उसकी पसंद का नहीं खाने देती ना, इसलिए तो उसने ये भिखारियों से भी बदतर हरकत की।

मेरे गली के दूसरे बच्चे जो मेरे शैक्षणिक स्तर से हमेशा जलते थे, बड़े खुश थे कि आज आयेगा मजा मैडम बुद्धि माता को डंडे पड़ेंगे जब।

मैं बेचारी अकेली इतने लोगों की भीड़, सब के तेज तलवार से प्रश्न, ऊपर से गर्मी, मां ने तो आते ही दो जड़ दिए, बड़ी मां जैसे और जड़वाने के चक्कर में थी।

'ना छोटी, अभी मत मारो, पहले सारी बात पता कर, क्या पता और भी कहां-कहां से पैसे चुराये हों'। उस दिन की पिटाई से मैं शरीफ़ बच्ची बन गई थी। पीपल के पेड़ पर रखी मिठाई फिर भी मुझे ललचाती थी, पर मैं मुंह फेर के निकल जाती थी। मैंने दादागिरी भी छोड़ दी और नवीन से भी दोस्ती खत्म कर ली थी।

अब मेरी दोस्ती गली के कुत्तों और सांडों तथा गायों से हो गई थी। स्कूल से आने के बाद मैं इन्हीं के साथ खेलती, इन्हीं के साथ भागती। इनके ऊपर रंग से कभी अपना नाम लिखती तो कभी इनका नाम जो मैंने ही रखा था। मेरे एक आवाज लगाते ही मेरे ये दोस्त तुरंत मेरे पास आ जाते थे। गौरी, कजरा, मेरी गाय थी। शेरू छुटकु,कालु और भौंभौं, ये कुत्ते थे। विनायक छोटा बछड़ा था और बब्बर बड़ा और मोटा ताजा सांड था।

डाकौत पंडित की घरवाली अब सुबह शाम पीपल की सफाई करने आती थी। पर सिर्फ शनिवार को।

तंग गलियां धीरे-धीरे और तंग हो गई हैं, क्योंकि लोगों के घर की दहलीजें गलियों तक आ गई हैं। कमरों के ऊपर कमरे बनाकर लोगों ने आसमानी हवा को भी घेर लिया है। आजकल शनिदेव यहां मिठाई खाने भी नहीं आते क्योंकि, पीपल काट कर कई दुकानें बना दी गई हैं, जिनमें एक तो ब्रांडेड मिठाई की भी दुकान है।

मंदिर के ऊपर भी दो मंजिल बन गई हैं, जो शादी-ब्याह में बैंक्वेट हाल का काम करती हैं। तपती चिलचिलाती धूप में कोई शख्स बाहर ही नहीं था तो अपने या अनजान की पहचान कैसे करती। बार-बार गली में झांक रही थी। लग रहा था कि कोई अपना सा अहसास गर्म लूं के साथ आ रहा था। सामने पलट कर दुकानों की चमचमाती भीड़ में से अपनी मीठी गोलियों वाली दुकान तलाशने की कोशिश की, पर जैसे कोई नहीं थी वहां। तुक्के से गली के कोने वाली दुकान पर जाकर मीठी रंग-बिरंगी गोलियां मांगी तो हैरान से दुकानदार ने ब्रांडेड टाफियों का जार मेरी तरफ सरका दिया था।

मैम, शायद आपको ये चाहिए? निरूतर सी मैं एक ठंडी लैमन की बोतल खरीद कर बैग के हवाले करती हूं। मुझे लगभग बीस मिनट हो गए हैं, छुटकु कालू,भौंभौं, शेरू कोई भी नहीं दिखा। गौरी और कजरी तो पीपल के पेड़ के नीचे बैठी रहती थी, पर अब तो वो पीपल भी नहीं था। बब्बर तो धूप में भी ढां-ढां करता घूमता था। वो भी नजर नहीं आया कहां चले गए सब।

मैं कभी अपने घर की गली और कभी सामने मंदिर के बराबर की तंग गली देखकर थक चुकी हूं। शायद मुझे किसी ने नहीं पहचाना । इसलिए तो कोई बोला नहीं।

मैं वापस जाने के लिए रिक्शा बुलाने ही वाली थी कि ट्रेन की सीटी और छुकछुक की आवाज सुनाई दी। मेरे कदम मंदिर के उस तरफ वाली चौड़ी सड़क की तरफ दौड़ पड़े, जहां से चंद क्षणों के फासले पर मैं रेल की पटरी के पास पहुंच जाऊंगी। पहले मैं यहां ट्रेन आने से पहले नकली खेलने वाले नोट रखकर इंतजार करती थी कि कब इन पर से ट्रेन गुज़रे और कब ये असली हो जायें। आज मन कर रहा था कि क्यों ना बैग के सारे नोट निकाल कर ट्रेन की पटरी पर रख दूं,ताकि ये नकली ही हो जायें, और मेरे वो लम्हें मेरे वो दोस्त, मेरी वो गलियां, मेरा वो पीपल मुझे वापस मिल जाए।

मैं पटरी के पास पहुंच तो गई पर ट्रेन दनदनाती हुई निकल चुकी थी।

कविता

कृष्ण गोपाल विद्यार्थी



## मेरे मन की बात

आदमी में इस कदर विष भर गया है।
विषधरों का वंश सारा डर गया है।
कल सुनोगे आदमी के काटने से,
रास्ते में सांप कोई मर गया है।

दुनिया में जिधर देखो नजर आते हैं पत्थर श।
उठ-उठ के एक-दूजे से टकराते हैं पत्थर।
है ख्वाब तो हसीन कि मंदिर में सजेंगे ,
छेनी की चोट से मगर घबराते हैं पत्थर।

चेहरों पर मुस्कान नहीं है, दिल में हिन्दुस्तान नहीं है।
कहने को तो फूल हैं लेकिन खुशबू से पहचान नहीं
है। जब-से कट्टरपंथी डायन आन बसी है इस बस्ती
में,सब हिन्दू या मुसलमान हैं, कोई भी इन्सान नहीं है।

हवाओं को तो बेशक खल रहा हूँ।
चिरागों की तरह मैं जल रहा हूँ।
जिन्होंने राह में कांटे बिछाए,
उन्हें भी साथ लेकर चल रहा हूँ।

कविता

राज़ ख्यालिया



## लहू में डूबी वादियां

लहू में भीगी हर गली, है सरज़मीं कश्मीर की,
सिसकती हैं दरख़्त भी, गवाही दें तहरीर की।

न पूछो कैसी आग है, बहारों की ज़मीं पे अब,
हर एक शाख़ पे दिखे है, परछाईं तासीर की।

बग़ावतें न थीं वहाँ, न कोई जुर्म, न इल्तिजा,
मगर भीड़ ने छीन ली, सदा किसी ज़मीर की।

कभी जो गूंजती थी वहाँ, अज़ान, दुआ, मोहब्बतें,
वहाँ अब गूँजती है सदा, किसी शहीद तीर की।

वो माँएँ पूछती हैं अब, कहाँ है मेरा लाल कहो,
नदी भी चुप है आजकल, कहानी एक नीर की।

गीत

प्रीति पाठक 'प्रीति'



## नाथ कुंवारी हूं

तू ग़ज़लों का शहज़ादा तो मैं भी राजकुमारी हूँ
तेरे शब्दों के संग ब्याही वरना नाथ कुँवारी हूँ

तुझ पर जीवन साथी मैने अपना सब कुछ वार दिया
तेरी ख़ातिर हीं तो मैंने गीतों का शृंगार किया
तू मेरी अभिलाषा है और तुझ पर मैं बलिहारी हूँ
तेरे शब्दों के सँग ब्याही वरना नाथ कुँवारी हूँ

मेरी ग़ज़ल ख़्यालों के तुम हो गीतों के शान्त स्वर
जैसे साँझ ढले तारों से बिछा हुआ प्यारा अम्बर
तुम गीतों के पुष्प-सुमन तो मैं उसकी फुलवारी हूँ
तेरे शब्दों के सँग ब्याही वरना सजन कुँवारी हूँ

तुझसे होती सुबह शुरू तो तुझसे ही है शाम पिया
तू है जो सँग मेरे तो दुःख भी सुख का नाम पिया
मेरे जीवन का कंचन तू तुझपर सब कुछ हारी हूँ
तेरे शब्दों के सँग ब्याही वरना प्रिय कुँवारी हूँ

पाकर तेरा साथ मैंने पाया जीवन का सार है
तुमसे से ही जीवन मे आई ख़ुशियाँ बेशुमार है
तू मेरी खुशियों की चाभी मैं उसकी किलकारी हूँ
तेरे शब्दों के सँग ब्याही वरना नाथ कुँवारी हूँ।

लघुकथा

डॉ. अंजना गर्ग



## पार्क में भंडारा

अनु यह बड़े-बड़े लिफाफे उठाकर कहां जा रही है?' सुनीता ने अनु के हाथ में कई लिफाफे देख कर पूछा।

' पार्क में कुछ लोगों के द्वारा रोज भंडारा लगाया जाता है। वहीं पर जा रही हूं।' '

तो इनमे प्रसाद लेकर आएगी।' सुनीता ने लिफाफो को लगभग घूरते हुए सी पूछा।'

नहीं प्रसाद का तो एक कण लेती हूं हाथ पर ही।'

' तो इनका क्या करेगी?'

' लोग खा खा कर इधर-उधर प्लेट्स डाल देते हैं। उड़-उड़ कर लोगों के घरों के दरवाजो तक आ जाती है। पार्क इतना गंदा हो जाता है कि लोग सैर नहीं कर पाते। बच्चे खेल नहीं पाते। कुत्ते प्लेट्स को चाटने आ जाते हैं। फिर तुम्हें पता है यहां तो बंदर भी अपना कोहराम मचाते हैं।'

' तो स्वीपर किस लिए है ? कर देगा सारी साफ सफाई। यह उनका ही काम है।' सुनीता ने मुंह बना कर कहा।

' वो सुबह एक बार सफाई कर जाता है। सारा दिन तो नहीं करेगा।'

' तो तू इन लिफाफों का क्या करने जा रही है?

' बस कुछ खास नहीं। भंडारा समाप्त होने पर सारी प्लेट्स उठा उठा कर इनमें भर लेती हूं। पास में ही डंपिंग ग्राउंड है वहां डाल आती हूं।' अनु ने मुस्कुराते हुए कहा।

' तेरे घर में सफाई करने मेड आती है और तू वहां सफाई करने जा रही है।'

' यही तो सुनीता हमारी सोच है कि गरीब का काम है सफाई करना। अमीर का काम है दान पुण्य करना।' अनु ने उस की ओर देखते हुए कहा।' हां तो ठीक है ना, जिसके पास पैसा नहीं वह सफाई कर दे।' सुनीता ने हाथ मटकते हुए कहा।' और हम पैसे वाले गंद डालकर, घर आकर बैठ जाए।' ' आखिर क्या कहना चाहती हो तुम अनु- ---'

' यही कि दान पुण्य से ज्यादा जरूरी है इस धरा की साफ सफाई जिसको हम सब धरती मां तो कहते हैं पर इसको हम इतना प्रदूषित कर रहे हैं कि पृथ्वी के कणों की सांस भी रुक गई।' ' पर तेरे अकेले के करने से क्या होगा? सुनीता ने अनु की तरफ लापरवाही से प्रश्न उछाला।' यूंही कारवां बनता है।' कहती हुई अनु पार्क की ओर बढ़ चली। अनु के शब्दों में पता नहीं क्या जादू था कि सुनीता भी पीछे-पीछे हो ली ।

**आधुनिक युग में साहित्य की स्थिति को लेकर कवयित्री एवं लेखिका अनामिका वालिया का कहना है कि आज भी साहित्यिक लेखन प्रगति पर है और नई युवा पीढ़ी भी साहित्य क्षेत्र में बेहतर लेखन कर रही है, जिससे कहा जा सकता है कि साहित्य बेहतर स्थिति में है। हालांकि सोशल मीडिया के माध्यम से साहित्य लेखन ज्यादा बढ़ा है। इससे भी युवा पीढ़ी साहित्य के प्रति आकर्षित हो रही है।**

साक्षात्कार

ओ.पी. पाल

# समाज को नई दिशा देता है साहित्य : अनामिका वालिया

हिन्दी साहित्य के संवर्धन के लिए लेखक अपनी अलग-अलग विधाओं में साहित्य साधना करते आ रहे हैं। ऐसे ही साहित्यकारों में कवयित्री अनामिका वालिया भी सामाजिक सरोकारों के मुद्दों पर अपने रचना संसार को आगे बढ़ा रही हैं। देशभक्ति और समाज में महिलाओं के मुद्दे पर भी कविताओं का लेखन और मंच से समाज को सकारात्मक संदेश देते हुए उन्होंने परिवार से मिली विरासत को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है।

शिक्षाविद्, लेखिका एवं कवयित्री अनामिका वालिया शर्मा ने अपने साहित्यिक सफर को लेकर हरिभूमि संवाददाता से बातचीत करते हुए कुछ ऐसे पहलुओं का भी जिक्र किया है, जिसमें उनका मत है कि साहित्य के बिना समाज की कल्पना करना बेमानी है, क्योंकि साहित्य समाज का दर्पण होता है। महिला साहित्यकार अनामिका वालिया का जन्म 19 मई 1989 को जिला कैथल में देशबंधु वालिया और दमयंती वालिया के घर में हुआ। उनके नाना स्वर्गीय रमेश चंद्र ने आज़ाद हिंद फौज के सेनानी के रूप में और उसके बाद सेना में भर्ती होकर देश की सेवा की। इसलिए देशभक्ति और देश प्रेम भी विरासत में मिला। जबकि मामा स्वर्गीय अमरजीत अहलूवालिया कविता लेखन किया करते थे, तो उन्हें साहित्यिक माहौल मिलने के कारण बचपन में कविता लेखन में रुचि पैदा हुई। शायद यही कारण है कि उन्होंने 13-14 वर्ष की आयु से कविता लेखन शुरू कर दिया था। पहली कविता साहित्य सभा कैथल के मंच से चौदह वर्ष की आयु में पढ़ी जहां वह अपने पिता के साथ कार्यक्रम में पहुंची थी। इतनी कम उम्र में कविता लिखने और उसके पाठन पर सभी हैरान रहे।

अनामिका की प्रारंभिक शिक्षा कैथल और उच्च शिक्षा अंबाला शहर से पूरी हुई। अंबाला के एमडीएसडी कॉलेज से स्नातक की शिक्षा ग्रहण करने के दौरान ग्रेजुएशन की परीक्षा में पूरे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में द्वितीय व अंबाला ज़िले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके लिए उन्हें तत्कालीन केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा के द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया था। भाषण प्रतियोगिता में नेशनल यूथ फेस्टिवल में पूरे उत्तर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया, जिसके लिए हरियाणा सरकार द्वारा सम्मानित किया गया। साल 2014 से शिक्षा विभाग हरियाणा में अंग्रेजी लेक्चरर के तौर पर अपनी सेवाएं देना प्रारंभ किया। एक शिक्षिका के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने सामाजिक मुद्दों पर आधारित विभिन्न नाटकों का लेखन एवं निर्देशन भी किया, जो राज्य स्तर पर प्रथम स्थान के लिए शिक्षा विभाग की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया। साल 2018 में हरियाणा के यमुनानगर ज़िले में इनका विवाह हुआ। परिवार और दो जुड़वां बेटियों के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए साहित्यिक सफर को आगे बढ़ाना आसान नहीं था, लेकिन परिवार के सहयोग और साहित्य के प्रति अपने समर्पण से अपने इस सफर को निरंतर जारी रखा। वर्तमान में अपने परिवार के साथ यमुना नगर में रहकर अध्यापन और साहित्य सेवा कर रही हैं। उनकी साहित्यिक गतिविधियों को परिवार के लोगों का प्रोत्साहन भी अहम रहा है। उन्होंने अपनी कविताओं के लेखन में देश, समाज और महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर फोकस किया है। वहीं उन्होंने सैनिकों के शौर्य का जयगान तो कभी राजनीति पर व्यंग्यात्मक कविताओं को भी साहित्य मंच पर उतारा है। उनकी एक प्रसिद्ध रचना 'बेटियां मैदान में उतार दूं' स्कूल कॉलेज की बच्चियों को इतनी पसंद आई कि विभिन्न प्रतियोगियों में उन्होंने इसे प्रस्तुत किया और पुरस्कार प्राप्त किए। उच्च शिक्षा ग्रहण करने के बाद उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों में होने वाले कवि सम्मेलनों में काव्यपाठ करना प्रारंभ किया और देश के अनेक प्रतिष्ठित न्यूज चैनलों पर काव्यपाठ किया है। इनका कहना है कि साहित्य जगत में एक बात आहत करने वाली है, कि साहित्यिक मंचों पर कविताओं के नाम पर चुटकले और अश्लीलता परोसी जा रही है, जिस पर अंकुश लगाना जरुरी है। साहित्य को समाज का दर्पण कहा गया है, इसलिए साहित्यकारों और लेखकों को युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति के प्रति प्रेरित करने वाला साहित्य सृजन करने की जरुरत है, ताकि समाज को सकारात्मक संदेश दिया जा सके। मसलन विशुद्ध साहित्य की रचना बेहद जरूरी है।

### प्रकाशित पुस्तकें

महिला कवयित्री एवं शिक्षका अनामिका वालिया ने अल्प आयु में ही कविताओं का लेखन शुरू कर दिया था और वीर रस की कविताओं के संकलन के रूप में 2014 में इनकी पहली काव्य पुस्तक 'एक और इंकलाब' पाठकों के सामने आई। उनकी इस प्रकाशित पुस्तक में देश प्रेम और महिला सशक्तिकरण से संबंधित कविताओं को समायोजित किया गया है। इसके अलावा उनकी रचनाएं विभिन्न समाचार पत्र व पत्रिकाओं में भी प्रकाशित होती रही हैं।



अनामिका वालिया

### पुरस्कार व सम्मान

अनामिका वालिया को हरियाणा सरकार गोल्ड मेडल से सम्मानित कर चुकी है। साहित्य क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें नारायणी फाउंडेशन के रूपा राजपूत सम्मान, रोटरी क्लब के ऑनरेरी मेंबर सम्मान मिला है। भारत विकास परिषद अंबाला शहर और पंचनद शोध संस्थान यमुना नगर द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें देश व विभिन्न राज्यों की साहित्यिक एवं प्रतिष्ठित संस्थाओं द्वारा काव्य मंचों से अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

### व्यक्तिगत परिचय

**नाम** : अनामिका वालिया
**जन्मतिथि** : 19 मई 1989
**जन्म स्थान** : कैथल, (हरियाणा)
**शिक्षा** : एम.ए. (अंग्रेजी)
**संप्रति** : लेक्चरार (शिक्षा विभाग हरियाणा), लेखक एवं कवियत्री

# बच्चों में समाज सेवा के रंग भरता 'नाचू के रंग'






**पुस्तक** : नाचू के रंग
**लेखक** : गोविंद शर्मा
**मूल्य** : 150 रुपये
**प्रकाशक** : पंचशील प्रकाशन

पुस्तक समीक्षा

शशि कांत चौहान

वरिष्ठ साहित्यकार गोविंद शर्मा 1971 से निरंतर बाल साहित्य की रचना करते आ रहे हैं। बाल साहित्य की उनकी पचास से अधिक पुस्तकें अब तक प्रकाशित हो चुकी हैं। 'नाचू के रंग' नया उपन्यास अब पाठकों के हाथों में है।

उपन्यास के नायक बालक नाचू के माध्यम से लेखक ने बच्चों को ही नहीं बल्कि बड़ों को भी सामाजिक सरोकारों के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करने का संदेश दिया है। बालक नाचू जो चित्रकार है अपनी ब्रुश और रंग के जरिये ही स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता फैलाता है। इस उपन्यास में लेखक ने मनोरंजन के साथ-साथ सीख भी दी है। नाचू जो अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस रखता है और साथ ही दूसरों की मदद भी करता है।

उपन्यास में नाचू का पेंटिंग का शौक किस तरह से चोर और डाकुओं को पकड़वाने में मदद करता है यह समाज के प्रति उसके दायित्व का दिखाता है। एक बार वह विज्ञापन के कटाउट पर चौकीदार का चित्र बना देता है और उससे डरकर चोर को पकड़ लिया जाता है। नाचू जब अपने साथियों के साथ जंगल में डाकुओं को देखते हैं और उन्हें डाकुओं द्वारा छिपाया हुआ खजाना मिल जाता है तो नाचू किस तरह से सूझबूझ का परिचय देते हुए बक्से का रंग बदलकर खजाने को गांव में लाकर पुलिस के हवाले करते हैं तो यह इस बात का संदेश देती है कि इंसान को विपरीत परिस्थितयों में भी धैर्य का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। नाचू के रंग ब्रुश की सफलता इस बात में कही जा सकती है कि उसने सफाई का संदेश देते चित्र बनाकर सवाल उठाया तो डंपिंग स्टेशन बनी जगह पर लोगों ने कूड़ा डालना बंद कर दिया। इसके साथ ही नाचू के रंग के बाल नायक के माध्यम से लेखक ने पौधरोपण का भी सफल संदेश दिया है।

बाल उपन्यास समाज की सभी छोटी बड़ी समस्याओं को उजागर करता हुआ और उनके समाधान प्रस्तुत करता नजर आता है और वह भी पूरे मनोरंजक तरीके से। उपन्यास इतना रोचक है कि पाठक एक बार में ही पूरा पढ़ जाता है।

लेखक गोविंद शर्मा के उपन्यास की भाषा सहज और सरल है। शीर्षक को साकार करते उपन्यास का कवर भी सुंदर बन पड़ा है। कुल मिलाकर नाचू के रंग उपन्यास सामाजिक सरोकारों के रंगों से सराबोर है। लेखक इसके लिए साधुवाद के पात्र हैं।

## खबर संक्षेप



बरवाला। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक वेद नांरग को सम्मानित करते रोटरी क्लब और अखिल भारतीय सेवा संघ के पदाधिकारी व अन्य।

### शिविर में 68 दिव्यांगों के लिए गए माप

**बरवाला।** समाजसेवी संस्था इंटरनेशनल रोटरी क्लब बरवाला और अखिल भारतीय सेवा संघ शाखा बरवाला द्वारा दुर्गा मदिर के प्रांगण में दिव्यागों के लिए निशुल्क कृत्रिम अंग माप शिविर आयोजित किया गया। शाखा बरवाला अध्यक्ष विक्की रहेजा ने बताया कि इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक बरवाला वेद नांरग, रेडियोलोजिस्ट डॉ. राजेश रेडडू, सुनील कुमार बूरा और राज्य सचिव बीजेएमसी एवं जिला प्रभारी फतेहाबाद किसान मोर्चा मनदीप लाम्बा ने शिरकत की। इस कैंप में जरूरतमंद 68 दिव्यांगजनों का माप लिया गया।

### निर्वाचित पदाधिकारियों को सर्टिफिकेट सौंपे

**हिसार।** नागोरी गेट स्थित श्री दिगंबर जैन पंचायत की गवर्निंग बॉडी के छह पदाधिकारियों प्रधान, कार्यकारी प्रधान, उपप्रधान, सचिव, सहसचिव व कोषाध्यक्ष पद के चुनाव में सभी पदों के लिये निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों को सर्टिफिकेट सौंप दिए गए। चुनावी प्रक्रिया के तहत पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार रविवार को सुबह जैन मंदिर में चुनाव अधिकारी अभिषेक अग्रवाल, एडवोकेट ने चुनाव के लिये नियुक्त आब्जर्वर मनोज सैनी, एडवोकेट की उपस्थिति में निर्वाचित हुए नामों की घोषणा की। चुने गए पदाधिकारियों में प्रधान पद के लिये नवीन जैन, कार्यकारी प्रधान के लिये प्रवीन जैन, उपप्रधान के लिये सुनील जैन आदि को सर्टिफिकेट सौंपे गए।

### भारतीय भाषा ग्रीष्म कालीन शिविर संपन्न

**बरवाला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरकड़ा में आयोजित सात दिवसीय भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का रविवार को समापन हो गया। इस शिविर के अंतिम दिन बच्चों ने शिविर के गत 6 दिनों के दौरान की गई गतिविधियों के अनुभवों को सांझा किया। नौवी कक्षा की छात्रा मनमीत ने अपने अनुभव को सांझा करते हुए बताया कि इस भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर से उसने बहुत कुछ सीखा है और वो चाहती है कि सर्दकालीन अवकाश के दौरान भी इस तरह का आयोजन होना चाहिए।

### विश्वविद्यालय का कृषि संकल्प अभियान जारी

**आदमपुर।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र सदलपुर की ओर से जिला के गांवों में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत गांव सरसोद, बिछपड़ी, जेवरा, पाली, पेटवाड़, राजपुरा, सलेमगढ़, मिंगनीखेड़ा, मात्रश्याम आदि में किसान वैज्ञानिक संवाद हुआ। इसमें किसानों को खरीफ फसलों नरमा , ग्वार, मूंग, बाजरा, धन के अलावा पशुपालन आदि की जानकारी किसानों को दी।

### इनेलो नलवा हलका की कार्यकारिणी का विस्तार

**हिसार।** इनेलो जिला कार्यालय में बैठक जिला अध्यक्ष सतपाल काजला की अध्यक्षता में हुई। बैठक में इनेलो के हलका नलवा की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। पार्टी को ज़मीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने के लिए हलका नलवा के सभी प्रकोष्ठों के संयोजकों एवं हलका प्रधान की नियुक्तियां की गईं। जिला प्रवक्ता विनोद कसवां एडवोकेट ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला व प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा से विचार—विमर्श के बाद घोषित कार्यकारिणी में धीरणवास निवासी तेलूराम को नलवा हलका प्रधान नियुक्त किया गया। इसके अलावा धर्मपाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मंजीत विश्नोई को प्रधान महासचिव और संदीप ढाका को सचिव नियुक्त किया गया।

## संत कबीर दास जी के 627वें जन्मोत्सव पर सिवानी बोलान में भव्य कार्यक्रम, समाज सुधारक की शिक्षाओं को अपनाने का आह्वान

संत कबीर दास जी का जन्मोत्सव श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया

हरिभूमिन्यूज ▶▶| हिसार

जिले के गांव सिवानी बोलान में रविवार को आध्यात्म और सामाजिक जागरूकता से ओत-प्रोत माहौल में संत कबीर दास जी का 627वां जन्मोत्सव श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया गया। यह आयोजन बाबा बुकन दास समाधि स्थल पर किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों, ग्रामीणों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सेवानिवृत एडीसी रोशन लाल मुख्य अतिथि के रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता रत्न कुमार बड़गुर्जर ने की।

मुख्य अतिथि रोशन लाल ने कहा कि कबीर साहेब की वाणी आज भी उतनी ही जीवंत और प्रासंगिक है, जितनी 15वीं शताब्दी में थी। उन्होंने न केवल भक्ति आंदोलन को गति दी, बल्कि समाज को अंधविश्वास, जातिवाद और पाखंड से लड़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि संत कबीर दास न केवल एक महान कवि और संत थे, बल्कि वे भारतीय समाज के ऐसे क्रांतिकारी सुधारक थे, जिन्होंने अपने समय में धर्म के नाम पर हो रहे पाखंडों को बेनकाब किया। वे जात-पात, मूर्तिपूजा और धार्मिक संकीर्णता के विरुद्ध मुखर स्वर थे। संयुक्त आबकारी एवं कराधान आयुक्त कृष्ण कुमार ने सुझाव दिया कि कबीर दास की शिक्षाओं को विद्यालयों और महाविद्यालयों में व्याख्यानों के माध्यम से प्रचारित किया जाना चाहिए ताकि युवा पीढ़ी भी उनके विचारों से प्रेरणा ले सके। उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त ताराचंद डाबला ने संत कबीर दास को भारतीय समाज का आदर्श मार्गदर्शक बताया हुआ कहा कि उन्होंने लोगों को सत्य और सफलता की राह पर चलने का संदेश दिया था। सेवानिवृत आईजी जगदीश चंद्र नागर ने कहा कि संत कबीर दास की शिक्षाओं का समाज में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करना चाहिए क्योंकि आज की पीढ़ी को भी सत्य, सद्भावना और समरसता की ओर लौटने की आवश्यकता है। कार्यक्रम अध्यक्ष रत्न कुमार बडगुर्जर ने कहा कि संत कबीर दास जी के जन्मोत्सव का आयोजन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि यह समाज को उनके विचारों से जोड़ने का एक प्रयास है। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने संत कबीर दास जी की शिक्षाओं, उनके समाज सुधारक स्वरूप और उनके द्वारा दिए गए आध्यात्मिक संदेशों पर प्रकाश डाला।



हिसार। कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत करते आयोजक।

### सामाजिक योगदान की घोषणाएं

*कार्यक्रम अध्यक्ष रत्न कुमार बडगुर्जर ने बताया हिसार लोकसभा क्षेत्र से सांसद जयप्रकाश द्वारा संत कबीर दास सेवा समिति सिवानी बोलान को पांच लाख रुपये की स्वेच्छा निधि से आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। वार्ड नंबर दो से जिला पार्षद कमल कायत ने भी बाबा बुकन दास समाधि स्थल पर पांच लाख रुपये की लागत से शेड निर्माण की घोषणा की है।*

### ये रहे कार्यक्रम में मौजूद

इस मौके पर सरपंच रोहतास भुक्कर, जिला पार्षद अजय धुंधवाल, सुनीता दुग्गल, एएसआई सुंदर सिंह नागर, मुकेश नागर, सतपाल दुग्गल, पूर्व सरपंच राजवीर सिहाग, स्याहड़वा के सरपंच राजेश निनानिया, कुम्हारिया सरपंच सुरेश डाबला, मोहनलाल कायत, अशोक कुमार दुग्गल, सुभाष दुग्गल, सुंदर सिंह नागर सहित गांव के अनेक गणमान्य व्यक्ति तथा बाबा बुकन दास एवं संत कबीर सेवा समिति के कार्यकारिणी सदस्य और ग्रामीणों ने श्रद्धाभाव से भाग लिया।

## कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

# गुजवि के शिक्षकों का 11 सदस्यीय दल 'शिन कुन इस्ट पीक' के लिए रवाना

■ विवि का ध्वज हिमालय की ऊंचाइयों पर लहराएगा

हरिभूमिन्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि का एक विशिष्ट प्रतिनिधिमंडल 6100 मीटर ऊंची शिन कुन इस्ट पीक के आरोहण के लिए रवाना हुआ। इस अभियान को कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने रविवार को इस टीम को शुभकामनाएं देते हुए हर्ष जताया कि कि हमारे विवि के वरिष्ठ संकाय सदस्यों एवं अधिकारियों का एक सशक्त और साहसी 11 सदस्यीय दल 'शिन कुन इस्ट पीक (6100 मीटर)' के सफल आरोहण के उद्देश्य से रवाना हो रहा है। यह अभियान केवल एक पर्वत चढ़ाई नहीं, बल्कि गुजविप्रौवि की सामूहिक चेतना, संकल्प शक्ति, पर्यावरणीय प्रतिबद्धता और साहसिक नेतृत्व का प्रतीक है।

कुलपति प्रो. बिश्नोई ने इस साहसिक दल के प्रत्येक सदस्य, जिसमें प्रो. संजीव कुमार, प्रो. कर्मपाल नरवाल, प्रो. वीके बिश्नोई, प्रो. राजीव कुमार, डॉ. शशि भूषण लूथरा, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. एसएस जोशी, डॉ. विमल झा, डॉ. मनोज मेडल, डॉ. सुनील कुमार एवं राजेश पूनिया को अपनी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी। विशेष रूप से इस अभियान की औसत आयु 52 वर्ष से अधिक होना यह दर्शाता है कि अनुभव और उत्साह का जब समन्वय होता है, तब कोई भी शिखर असंभव नहीं रहता। विवि का ध्वज जब हिमालय की ऊंचाइयों पर लहराएगा, वह क्षण हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। उन्होंने कहा कि यह यात्रा एक संदेश है कि उम्र कोई सीमा नहीं है जब मन में जुनून और देश-विश्वविद्यालय के प्रति समर्पण हो। हमें गर्व है कि हमारे संकाय सदस्य इस साहसिक मिशन का नेतृत्व कर रहे हैं। इस विशेष मौके पर कुलपति ने विश्वविद्यालय का झंडा इस दल को प्रदान करते हुए बताया कि यह यात्रा न केवल पर्वतारोहण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भावी पीढ़ी के लिए एक जीवंत संदेश भी है कि नवाचार, आत्मबल और निस्वार्थ साहसिकता से ही सच्चा नेतृत्व जन्म लेता है। उन्होंने आशा जताई कि यह मिशन विश्वविद्यालय के नाम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा और साथ ही युवाओं को प्रकृति, अनुशासन, टीम भावना तथा साहस के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। 11 सदस्यीय पर्वतारोही प्रतिनिधिमंडल के संयोजक प्रो. संजीव कुमार ने बताया कि समूचे दल की सुरक्षित और सफल यात्रा की कामना करते हुए, आज विश्वविद्यालय प्रशासन ने उन्हें उत्साहपूर्वक रवाना किया और अपने संदेश में कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि यह यात्रा सफल, सुरक्षित और विवि के लिए गौरवपूर्ण रहे।



हिसार। विश्वविद्यालय के साहसिक दल को रवाना करने से पूर्व शुभकामनाएं देते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

## न्यूज डायरी



### चार दिवसीय दो ध्यान शिविर संपन्न

**हिसार।** शो ध्यान उपवन में चल रहे चार दिवसीय दो शिविरों का समापन सकारात्मक विचारधारा अपनाने के संकल्प के साथ हुआ। साधकों ने तनाव, चिंता व अवसाद से मुक्त होने की ध्यान विधियों का अभ्यास किया और नकारात्मक ऊर्जा के शुद्धिकरण के उपाय समझे। इसी भांति बच्चों ने चार दिवसीय शिविर में सीखी गई कलाओं का प्रदर्शन करके खूब वाहवाही लूटी। साधकों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। ओशो ध्यान उपवन में बच्चों के लिए आयोजित किए गए मेडिटेशन व सेलिब्रेशन शिविर और साधकों के दि आर्ट ऑफ ब्लिसफुल लिविंग शिविर में हिसार सहित अन्य जिलों से बच्चों व साधकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### राष्ट्रीय काजला खाप की कार्यकारिणी की घोषणा

**हिसार।** राष्ट्रीय काजला खाप की बैठक रविवार को करनाल के घरौंडा में राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल काजला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में खाप संगठन को मजबूत बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल काजला ने राष्ट्रीय संरक्षक प्रदीप काजला से विचार विमर्श कर राष्ट्रीय कार्यकारिणी पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों तथा सभी प्रदेशों के अध्यक्षों की घोषणा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि इसमें जींद के पूर्व विधायक सूरजभान काजला को राष्ट्रीय सलाहकार, नंबरदार राममेहर काजला को राष्ट्रीय प्रवक्ता, दिनेश काजला नारनौंद को कोषाध्यक्ष, चंद्रभान काजला, हिसार को राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ. मनोज काजला संगरूर, बीरबल काजला, सीकर, ओमप्रकाश काजला नजफगढ़, गोपाल काजला खाटूश्याम, रतनपाल काजला मेरठ व हरफूल काजला खाटूश्याम को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, नरेश काजला पानीपत को राष्ट्रीय महासचिव, बंशीधर काजला खाटूश्याम, अश्वनी काजला भिवानी, नायाब सिंह काजला संगरूर, रणबीर काजला करनाल, दलबीर काजला मुरादाबाद आदि नियुक्त किए गए है।



हिसार। संस्था का प्रधान बनने पर बजरंग गर्ग का माला पहनाकर स्वागत करते ट्रस्टी।

### बजरंग गर्ग बने सनात्तन धर्म शिक्षण संस्थाओं के प्रधान

**हिसार।** श्री प्रयागगिरी सनात्तन धर्म शिक्षण संस्था की जरनल बॉडी की बैठक संस्था के प्रधान नारायण दास बंसल की अध्यक्षता में हुई। इसमें मुख्य चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता गोपीचंद वर्मा ने भाग लिया और बैठक से पहले लिफ्ट का शुभारंभ संस्थाओं के पदाधिकारियों ने किया। बैठक में प्रमुख समाजसेवी बजरंग गर्ग सर्वसम्मति से श्री प्रयागगिरी सनातम धर्म शिक्षण संस्थाओं के प्रधान चुने गए। प्रधान पद के लिए बजरंग गर्ग का नाम नारायण दास बंसल ने प्रपोज किया जिसका रमेश लोहिया व प्रवीण जैन ने अनमोदन किया और उपस्थित सभी सदस्य ने हाथ ऊठाकर बजरंग गर्ग के नाम का समर्थन किया। इस अवसर पर संस्था के नवनिर्वाचित प्रधान बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्कूल की संस्था का रिजल्ट हर साल मैरिट पर आता है आगे भी आप सभी के सहयोग से स्कूल की संस्था को ओर आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा।

## प्राण ऊर्जा का जागरण विद्युत ध्यान

हरिभूमिन्यूज ▶▶| हिसार

समर्थगुरु सिद्धार्थ फाउंडेशन के तत्वाधान में समर्थगुरु संघ ने कौशिक नगर स्थित साधना केंद्र में आज संडे ध्यान का कार्यक्रम आयोजित किया। आज के सेशन में आचार्य जितेंद्र ने विद्युत ध्यान करवाते हुए कहा कि मानव शरीर एक ऊर्जा प्रणाली है और ध्यान के समय हम अपनी आंतरिक ऊर्जा (प्राण/विद्युत) को जाग्रत और संतुलित करते हैं। इसमें ध्यान के दौरान कुछ लोग कल्पना करते हैं कि उनके शरीर में विद्युत तरंगें प्रवाहित हो रही हैं। कुछ लोग इसे कुंडलिनी जागरण जैसी विद्युत-जैसी ऊर्जा के रुप में भी अनुभव करते हैं। कई आधुनिक ध्यान विधियां भी विद्युत कम्पन्न या तरंगों के सिद्धांत पर आधारित होती है। योग शास्त्रों में भी शरीर को एक ऊर्जा निकाय माना गया है। वहां नाड़ी, प्राण, चक्र जैसे शब्द आते हैं जो शरीर की सूक्ष्म ऊर्जा प्रणाली को दर्शाते हैं। इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना नाड़ी - यह शरीर की ऊर्जा धाराओं के मार्ग हैं। ध्यान करते समय जब व्यक्ति इन नाड़ियों और चक्रों पर ध्यान देता है, तो कई बार वह अनुभव करता है जैसे शरीर में विद्युत प्रवाहित हो रही हो। इस ध्यान को करने से शांति और आनंद की प्राप्ति के साथ भय और चिंता से मुक्ति मिलती है।



हिसार। साधना केंद्र में आयोजित ध्यान कार्यक्रम में भाग लेते साधक।

## दादा काला पीर मठ के महंत को पीरों की मौजूदगी में चादर भेंट की



नारनौंद। महंत जिताई नाथ को तिलक करते हुए व चादर भेंट करते हुए मौजिज लोग। फोटो : हरिभूमि

**नारनौंद।** क्षेत्र के गांव कोथ कलां के दादा काला पीर मठ के विवाद पर आखिरकर रविवार को पूर्ण विराम लग ही गया। गांव की पुरानी परंपरा के अनुसार पीरों की मौजूदगी में गांव के मौजीज लोगों ने महंत जिताई नाथ को चादर भेंट की। इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए भारी पुलिस बल भी तैनात रही लेकिन सारा काम शांति से संपन्न हो गया और उसके बाद विशाल भंडारा लगाया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर मठ के नए महंत से आशीर्वाद लिया। गांव कोथ कलां में मठ की गद्दी को लेकर पिछले कुछ महीनों से विवाद चला आ रहा था। गत 26 मई को रोहतक के स्थल बोहर मठ में सातों पीरों ने महंत शुक्राई नाथ को हटाकर महंत जिताई नाथ को मठ की गद्दी सौंप दी थी और 24 साल बाद इस डेरे की मान को भी खोल दिया गया था। गांव की पुरानी परंपरा के अनुसार पीरों की मौजूदगी में महंत को चादर भेंट की जाती है। रविवार को विशाल भंडारा लगाकर गांव कोथ कलां व कोथ खुर्द की तरफ से गांव के सरपंच महा सिंह संधू और मौजिज लोगों ने चादर भेंट कर इस परंपरा को आगे बढ़ाया।

## केयर गिवर्स वाली एजेंसियों से संपर्क कर डेटा इकट्ठा किया जाएगा

# बैठक में केयर गिवर्स से अपेक्षित स्किल्स पर की गई चर्चा

हरिभूमिन्यूज ▶▶| हिसार

मुंशी प्रेमचंद लाइब्रेरी में वानप्रस्थ की ओर से आयोजित साप्ताहिक बैठक में केयर गिवर्स से अपेक्षित स्किल्स पर चर्चा की गई। इंदिरा गांधी ओपन यूनिवर्सिटी द्वारा चलाए जा रहे सर्टिफिकेट इन होम हेल्थ असिस्टेंस में केयर गिवर्स से अपेक्षित प्रैक्टिकल स्किल्स को आठ श्रेणियों में बांटा गया है। बुज़ुर्ग और परिवार से संवाद व परामर्श, फिजिकल असेसमेंट, हाइजीन व ग्रूमिंग, पोषण, मेडिकेशन व एलिमिनेशन, हाउस कीपिंग, बेड रिडन व्यक्ति की केयर, अलग तरीके से सक्षम व्यक्ति की केयर और, ऑब्जर्वेशन विजिट्स। ऐसे केयर गिवर्स टेम्परेचर, पल्स रेट, श्वास गति और ब्लड प्रेशर नाप सकते हैं। कद, वज़न और घेरे की पैमाईश कर बॉडी मास इंडेक्स और हिप-वेस्ट अनुपात निकाल सकते हैं तथा, ग्लुकोमीटर से ब्लड शुगर भी नाप सकते हैं। उन्हें नहलाना, शावर चेयर और स्पंज बाथ कराना आता है तथा, मुंह, बालों, पीठ, आंख, नाखून, बाउल व ब्लेडर की केयर कर सकते हैं। राइल्स ट्यूब फीडिंग, गेस्ट्रोस्टोमी फीडिंग में स्किल्ड होते हैं, घर में ओआरएस तैयार कर सकते हैं, इन्टेक/आउटपुट चार्ट भर सकते हैं, यूरिनरी कैथेटर/डायपर बदल सकते हैं, अनीमा कर सकते हैं और पेशाब व स्टूल सैंपलों को लैब में भेज सकते हैं। उन्हें कंफर्ट डिवाइसिस का इस्तेमाल, हॉट और कोल्ड थेरेपी, सोक/सिटज़ बाथ, टकोर और स्टीम इनहेलेशन कराना आता है। वे ज़ख्मों की ड्रेसिंग, बेड मेकिंग, बेड सोर प्रबंधन, व्हील चेयर का इस्तेमाल, बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रदान करने में भी दक्ष होते हैं। बैठक में तय किया गया कि शहर में केयर गिवर्स उपलब्ध कराने वाली एजेंसियों से संपर्क कर डेटा इकट्ठा किया जाएगा। उनके द्वारा दिए जाने वाले व्यक्ति अपेक्षित स्किल्स के मानकों पर कितना खरा उतरते हैं और, केयर गिवर्स की स्किल्स का मूल्यांकन करने के लिए एक फॉर्मेट तैयार किया जाएगा। धर्मपाल पनिहार ने सरकारी स्कूलों में पेशेंट केयर असिस्टेंस कोर्स की ट्रेनिंग प्रदान करने वाले वोकेशनल टीचर्स के नाम मोबाइल नंबर सांझा किए ताकि इन्हें भी डेटाबेस का हिस्सा बनाया जाए। ये विषय मॉडल टाऊन हिसार, कैमरी, सुशीला भवन, न्योली कलां, हांसी, तलवंडी राणा, मसूदपुर और अग्रोहा के सरकारी स्कूलों में पढ़ाए जा रहे हैं। सदस्यों का का मत था कि केयर गिवर्स में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग का अभाव है जिसे प्राइवेट नर्सिंग होम्स में भेज कर पूरा कराया जाता है। हालांकि हिसार शहर को हेल्थ केयर हब के रूप में जाना जाता है लेकिन असिस्टेड केयर प्रदान करने वाले हॉस्पिस का शहर ही नहीं पूरे राज्य में अभाव है। जेरीयेट्रिक्स और पेलियटिव केयर को समर्पित वानप्रस्थ डिग्निटी ट्रस्ट का मानना है कि प्रशासन, इंडियन मेडिकल काउंसिल और इच्छुक एनजीओ मिल कर इस अभाव को भर सकते हैं; यह संस्था केयर गिवर्स की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग का केंद्र बन सकता है। ताज़ा जानकारी के अनुसार सिविल अस्पताल हिसार आशा वर्कर्स को केरल की पीलियम संस्था की मदद से पेलियेटिव केयर की ट्रेनिंग प्रदान करवाने की योजना बना रहा है।



हिसार। वानप्रस्थ संस्था की बैठक में भाग लेते पदाधिकारी व सदस्य।

***बैठक में ये रहे मौजूद:*** *बैठक में हरीश जुनेजा, शशिकांत, एमएल गुप्ता, राजेंद्र गहलोत, पद्म मेहता, देवदत त्यागी, पीसी चुघ, एसएन पपनेजा, धर्मपाल पनिहार, कर्मपाल कुहाड़, रमेश गर्ग, वीरेंद्र आर्य और सतीश कालड़ा ने भाग लिया।*

### ग्लोबल रोल मॉडल मास्टर्स अवार्ड के लिए बैकांक में 5 अक्टूबर को होगा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान समारोह

**हिसार।** शिक्षा से लेकर कारोबार तक, हर क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पांच राज्यों की 101 हस्तियों को सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन द्वारा ग्लोबल रोल मॉडल मास्टर्स अवार्ड-2025 प्रदान किया जाएगा। पांच अक्टूबर इंटरनेशनल टीचर-डे पर बैंकाक में आयोजित होने वाले इस सम्मान समारोह में हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, पंजाब व जम्मू-कश्मीर की हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें वरीयता शिक्षा के विकास में सराहनीय योगदान देने वाले अध्यापकों व स्कूलों के निर्माण या विस्तार में सहयोग देने वाले भामाशाहों को दी जाएगी।

### शिव भजन संध्या में बम लहरी.. .. पर झूमे श्रद्धालु

**हिसार।** सेक्टर 14 स्थित बुधला संत मंदिर में शिव भजन संध्या का आयोजन किया गया। सेक्टर 14 निवासी व अनेक धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से जुड़े समाजसेवी धर्मेन्द्र मलिक ने बताया कि भजन संध्या में अनेक गायकारों ने भजनों की वर्षा की। गाये गये भजनों से समां बांधा जिन पर श्रद्धालु घंटों तक झूमते रहे।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 12.06.2025 को ग्राम पंचायत सुलचानी (नारनौंद) द्वारा मैन मंदिर वाले तालाब की बोली 10:00 बजे सुबह मैन चौपाल में करवाई जाएगी। जिसकी सिक्योरिटी राशि 50000/- (पच्चास हजार रूपये) होगी। बाकी सभी शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी। तालाब का पट्टा 5 साल के लिए होगा।

सम्पर्क सूत्र:- मनजीत सरपंच सुलचानी 9416135351

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत सुलचानी
ब्लॉक नारनौंद (हिसार)

## खबर संक्षेप



हिसार। विद्यार्थियों को सम्मानित करते दोनों संस्थाओं के अधिकारी।

### ओएसजीयू ने सम्मान समारोह आयोजित किया

**हिसार।** ओएसजीयू विश्वविद्यालय व टेरी इंस्टीट्यूट ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। शिक्षा के ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय, गरिमा फाउंडेशन व टेरी टेक्नोलॉजी एजूकेशन एंड रिसर्च इंटीग्रेटेड इंस्टीट्यूट कुरुक्षेत्र के सौजन्य से हनुमान वाटिका, कैथल में एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन। इसमें अनेक विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

### महाराष्ट्र के चुनाव में हुई लोकतंत्र की हत्या : बजरंग

**हिसार।** नलवा विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी और सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट बजरंग इंदल ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में कथित रूप से हुई व्यापक चुनावी धांधली पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा उठाए गए सवालों का पूरी तरह समर्थन किया है। उन्होंने इसे लोकतंत्र पर संगठित हमला करार दिया है। एडवोकेट इंदल ने कहा कि राहुल गांधी ने जिस साहस और तथ्यों के साथ चुनाव आयोग की भूमिका, मतदाता सूची और मतदान प्रतिशत में बड़े पैमाने पर की गई छेड़छाड़ को उजागर किया है वह लोकतंत्र को बचाने की दिशा में जरूरी कदम है।

### पार्क में मां के नाम लगाया एक पेड़

**हांसी।** शहीद भगत सिंह संगठन समिति ने रविवार को शहीद भगत सिंह व मदन लाल ढींगरा पार्क हांसी में एक पेड़ मां के नाम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी मां के नाम से पार्क में पौधे लगाए। कार्यक्रम में एडवोकेट सुरेन्द्र राजपाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने पेड़-पौधों की प्रक्रियाओं पर अपने विचार सांझा किये और बताया कि मानव जीवन में पेड़-पौधे अति महत्वपूर्ण है, पेड़-पौधों के कारण ही हमारा जीवन सम्भव है। एडवोकेट सुरेन्द्र राजपाल ने कहा कि जैसे मां बच्चों को जीवन देती है उसी प्रकार पेड़-पौधे भी हमें ऑक्सीजन देकर हमें जीवन देते है और इसी ऑक्सीजन से हमारी सांसे चलती है।

### योग दिवस के प्रोटोकॉल का अभ्यास किया

**हिसार।** आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्यों ने 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया। आयुष विभाग की ओर से जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए योग के प्रचार प्रसार में लगी सभी प्रमुख संस्थाओं को योग दिवस से पूर्व योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण एवं अभ्यास की निर्धारित तिथि के अनुसार यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम में मेयर प्रवीण पोपली सपत्नीक मुख्य-अतिथि रहे। आर्ट ऑफ लिविंग हिसार के स्टेट टीचर कोऑर्डिनेटर महावीर अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट टीचर कोऑर्डिनेटर सुरेश जैन, शिक्षक विजय शर्मा, कृष्ण कुमार, ईश्वर सैनी मौजूद रहे।

### एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट अच्छा विकल्प : विपिन

**हिसार।** हिसार शहर की जाम की समस्या से निजात पाने के लिए हरियाणा सरकार के मंत्री और प्रशासन के बीच हुई बैठक में जजपा के हिसार हलका अध्यक्ष विपिन गोयल ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि हिसार शहर में जाम की मुक्ति से निजात पाने के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने लगभग 700 करोड़ का एलिवेटेड रोड का प्रोजेक्ट तैयार किया था, इस प्रोजेक्ट में 6 प्रवेश और 6 निकास द्वार थे, विश्व की प्रसिद्ध कंपनी द्वारा तैयार किया गया यह है 4 लाइन प्रोजेक्ट हिसार को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए सबसे सक्षम प्रोजेक्ट था लेकिन राजनीतिक कारणों के चलते इस प्रोजेक्ट को हरियाणा सरकार ने रिजेक्ट कर दिया।

## रंगोत्सव 2025: कला एवं शिल्प कार्यशाला का भव्य समापन

# 150 से अधिक प्रतिभागी आधुनिक कला शैलियों से परिचित हुए, सीखी नई विधाएं





हिसार। 'रंगोत्सव 2025' के समापन अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि व भाग लेने वाले बच्चे व बच्चों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि मेयर प्रवीण पोपली।

अंतिम दिन प्रतिभागियों द्वारा निर्मित कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

आकार वेलफेयर सोसायटी की ओर से आयोजित निशुल्क कला एवं शिल्प कला कार्यशाला 'रंगोत्सव 2025' का समापन रविवार को उत्साह एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ हुआ। यह 8 दिवसीय कार्यशाला 1 से 8 जून तक शहर के ओपी जिंदल पार्क में आयोजित की गई थी, जिसमें नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को पारंपरिक एवं आधुनिक कला शैलियों से परिचित कराना तथा शिल्प कौशल को प्रोत्साहित करना था। प्रतिभागियों ने चित्रकला, मिट्टी शिल्प, वॉल पेंटिंग, पुनःचक्रण शिल्प, सामाजिक जागरूकता जिसमें रोड सेफ्टी, साइबर क्राइम, नशा मुक्ति, ट्रैफिक रूल, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण आदि अन्य रचनात्मक विधाओं में प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला के दौरान अनुभवी कलाकारों और प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिदिन विभिन्न सत्रों का संचालन किया गया। अंतिम दिन एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों द्वारा निर्मित कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया।

### अन्य संस्थाओं को भी करने चाहिए ऐसे आयोजन

मुख्य अतिथि के रूप में हिसार के मेयर प्रवीण पोपली ने बच्चों और उनके साथ आए हुए अभिभावकों का धन्यवाद किया उन्होंने कहा कि संस्था का कार्य बहुत ही सराहनीय है इस प्रकार के कार्य शहर की अन्य संस्थाओं को भी करने चाहिए बच्चे हमारे देश का भविष्य है इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है बच्चे आगे बढ़ेंगे तो देश और समाज आगे बढ़ सकेगा उन्होंने संस्था द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और संस्था को इस कार्य के लिए बधाई दी इसके अलावा उपस्थित अभिभावकों और गणमान्य अतिथियों ने इन रचनाओं की प्रशंसा की।

### नवोदित कलाकारों को मंच प्रदान किया : सुमित कुमार

समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में लोकेश असीजा, मुकेश सैनी (मोनू) व ईश्वर नाटा उपस्थित रहे। उन्होंने सभी सहयोगियों और प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए और आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। संस्था के अध्यक्ष सुमित कुमार ने सभी सहभागी, प्रशिक्षक एवं स्वयंसेवकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि रंगोत्सव जैसे आयोजन हमारे सांस्कृतिक मूल्यों को जीवंत रखने के साथ-साथ नवोदित कलाकारों को मंच प्रदान करते हैं। कार्यशाला की सफलता से प्रेरित होकर आयोजक मंडल ने भविष्य में और भी विस्तृत एवं विविध कलात्मक गतिविधियां आयोजित करने की घोषणा की। इस अवसर पर संस्था के सचिव संदीप कुमार कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार संस्था के सदस्य जितेंद्र गोस्वामी, अजय कुमार, सुप्रिया पाहवा, डॉ. डीके शर्मा, शमशेर सैनी, विकास सैनी, निर्मल सैनी, उमेश, विनोद, मोहित, वरुण आदि उपस्थित थे।



हांसी। विद्यार्थियों को भारतीय भाषाओं की जानकारी देती शिक्षिका। *फोटो : हरिभूमि*

## कैंप में विद्यार्थियों को देश की भाषाई विविधता समझाई

- श्री काली देवी विद्या मंदिर में आयोजित सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन कैंप सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

श्री काली देवी विद्या मंदिर में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन कैंप का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। सात दिनों तक चले इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भारत की भाषाई विविधता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा भाषाई एकता एवं सांस्कृतिक समझ को प्रोत्साहित करना रहा। शिविर के पहले दिन विद्यार्थियों को विभिन्न भारतीय भाषाओं में अभिवादन की शैलियों जैसे 'नमस्ते' 'वणक्कम', 'सत श्री अकाल' आदि के साथ-साथ संख्याओं की जानकारी दी गई। दूसरे दिन 'यातायात संबंधी नियम' विषय पर आधारित संवाद कौशल सिखाया गया। तीसरे दिन विद्यार्थियों ने भारत के विभिन्न राज्यों की नृत्य, कला और संगीत परंपराओं की जानकारी प्राप्त की, जिससे उन्हें सांस्कृतिक विविधता का अनुभव हुआ। चौथे दिन स्थानीय मसाले, फल और सब्जियों से संबंधित जानकारी दी गई, जबकि पांचवें दिन क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानियों तथा ऐतिहासिक स्थलों के बारे में बताया गया। छठे दिन विद्यार्थियों को हांसी के प्रसिद्ध तथा ऐतिहासिक स्थलों जैसे श्री काली देवी मंदिर, पृथ्वीराज चौहान का किला, बड़सी गेट, जैन मंदिर, श्री लक्ष्मण चौतरा मंदिर, चार कुतुब एवं समाधा मंदिर का भ्रमण करवाया गया। शिविर के अंतिम दिन सभी विषयों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। और सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्या गीता मेहता ने इस शिविर को एक अभिनव और सकारात्मक शैक्षिक प्रयास बताते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों में राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है।

## ग्रीन बेल्ट की सफ़ाई की, पौधों की सुध ली

- 'हमारा प्यार हिसार' ने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। सफाई अभियान में लगे हमारा प्यार संस्था के पदाधिकारी।

'हमारा प्यार-हिसार' की टीम ने रविवार को पुष्पा काम्प्लेक्स के सामने वाली ग्रीन बेल्ट में सफ़ाई अभियान चलाया व पिछले वर्ष लगाए गए पौधों की निराई गुड़ाई की। सभी पौधे अच्छी हालत में थे। उल्लेखनीय है कि 'हमारा प्यार हिसार' इस ग्रीन बेल्ट के अलावा मॉडल टाउन व डाबड़ा चौक ग्रीन बेल्ट्स का भी रख रखाव नगर निगम के सहयोग से कर रही है।ग्रुप सदस्यों ने बैठने की कुर्सियो को भी ठीक किया। ग्रुप के इस कार्य में आस पास के राहगीरों ने भी साथ दिया और सराहना की। आगामी कुछ हफ्तों में हमारा प्यार हिसार ग्रुप के सदस्य इस ग्रीन बेल्ट को संवारने का कार्य करेंगे। अभियान में डॉ. सुरेंद्र गर्ग, प्रोफेसर हरीश भाटिया, डॉ. राज वर्मा, राजेंद्र गहलोत, डॉ. विजय कादियान, डॉ. बीबी बांगा, मनीष गोयल, दिनेश बंसल, जितेन्द्र बंसल, सुरेंद्र पन्नू, युद्धवीर पन्नू, संजय मारवाड़ी, रमेश कुमार, अमन गुप्ता, गगन गुप्ता, राजन वर्मा, मुकुल, वरुण सोनी, यजत, अंकित गर्ग, कमल भाटिया, आदेश मलिक, कविता टंडन, ममता खुराना, कशिश, नीलम असीजा, प्रियांशी सोनी, मधु गोयल, लक्षिता, सौमिया, योगिता मौजूद रहे।

## 15 जून के कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई

- छात्रों का स्वागत व सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर वनवासी कल्याण आश्रम ने बैठक की

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। कार्यक्रम के लिए बैठक करते वनवासी कल्याण आश्रम के पदाधिकारी।

वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा 15 जून को छात्र स्वागत व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में सायं 6.30 बजे आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा संचालित भिवानी छात्रावास के बच्चे हिस्सा लेंगे। जम्मू-कश्मीर व उत्तर पूर्वी राज्यों के बच्चों के लिए भिवानी छात्रावास में निशुल्क शिक्षा, आवास व भोजन की व्यवस्था रहती है। छात्रों के स्वागत व सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए सेक्टर-14 में वनवासी कल्याण आश्रम के पदाधिकारियों व सदस्यों की बैठक आयोजित करके रूपरेखा बनाई गई। इस बैठक में वनवासी कल्याण आश्रम के प्रांत अध्यक्ष रामबाबू सिंगल, प्रदेश सचिव रामनिवास अग्रवाल सीए, जिला अध्यक्ष संजीव अरोड़ा, उपाध्यक्ष मनीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष समीर सरदाना, सचिव अजय सैनी, कोषाध्यक्ष सीए पर्व गुप्ता, सूचना व जनसंपर्क प्रभारी राजेश चुघ, महिला प्रमुख रम्मी गुप्ता, संरक्षक जगदीश बंसल, सदस्य गौरव सिंगला, ईश्वर सैनी व पवन राड़ा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। वनवासी कल्याण आश्रम के प्रांत अध्यक्ष रामबाबू सिंगल व जिला अध्यक्ष संजीव अरोड़ा ने बताया कि वनवासी क्षेत्रों के बच्चे 15 जून को प्रातः 10 बजे हिसार पहुंच जाएंगे। इन बच्चों का प्रवास व भोजन व्यवस्था हिसार के विभिन्न परिवारों में रहेगी। सायं 6.30 बजे इन बच्चों द्वारा पूर्वोत्तर राज्यों की वनवासी संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम होगा।

**!!!!!!!!!!**

रामबाबू सिंगल व संजीव अरोड़ा ने बताया कि वनवासी कल्याण आश्रम वनवासी बंधुओं व उनके बच्चों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए पूरी शिद्दत से प्रयत्नशील है। देशभर में 12 करोड़ वनवासी हैं और उनकी उन्नति के लिए शिक्षा, चिकित्सा व ग्राम विकास जैसे 22 हजार से अधिक सेवा प्रकल्प वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा देशभर में चलाए जा रहे हैं।

## सूरज कॉलेज की बीसीए की छात्रा रिया शर्मा ने विश्वविद्यालय में पाया तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



रिया शर्मा



मनीषा

इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर रेवाड़ी द्वारा फाइनल सेमेस्टर के परिणाम में सूरज कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। कॉलेज निदेशक संदीप प्रसाद ने भी परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए विद्यार्थियों अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि बीसीए फाइनल सेमेस्टर की छात्रा रिया शर्मा पुत्री नरेंद्र कुमार ने 81.60 प्रतिशत अंक लेकर पूरे विश्वविद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसी कोर्स के छात्र आशीष पुत्र कुलदीप सिंह ने 74.00 प्रतिशत अंक लेकर कॉलेज में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में छात्र विवेक कुमार पुत्र दिनेश कुमार ने 68.60 प्रतिशत, हर्ष पुत्र नरेश ने 68.00 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं बीएससी आनर्स फिजिक्स फाइनल सेमेस्टर की छात्रा मनीषा यादव पुत्री सुरेंद्र सिंह ने 88.00 प्रतिशत अंक लेकर पूरे विश्वविद्यालय में नौवां स्थान प्राप्त करते हुए कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## संपदा अधिकारी ने किया मुआयना

- आरडब्ल्यूए सेक्टर 9-11 व हिसार संघर्ष समिति ने तमस बार एंड रेस्टोरेंट द्वारा पार्किंग पर अवैध कब्जे को लेकर दिया था दो दिन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



आरडब्ल्यूए सेक्टर 9-11 एवं हिसार संघर्ष समिति द्वारा तमस बार एवं रेस्टोरेंट द्वारा अवैध कब्जे को हटाने के लिए दिए गए दो दिन के अल्टीमेटम के बाद हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की सम्पदा अधिकारी आंचल भास्कर ने मौके का मुआयना किया। सेक्टर 9-11 आरडब्ल्यूए के प्रधान जितेंद्र श्योराण ने बताया कि इस संपदा अधिकारी ने मौका देखा तथा निर्माण नक्शे के अनुसार नहीं पाया तथा बार द्वारा अवैध कब्जा मौके पर पाया गया। इसके बाद सम्पदा अधिकारी ने रेस्टोरेंट के मालिकों को एक सप्ताह के अंदर अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संपदा अधिकारी ने रेस्टोरेंट मालिकों द्वारा इसके पीछे बने प्लॉट नंबर 53 में बनी अवैध किचन को भी एक महीने में हटाने के निर्देश दिए गए। हिसार संघर्ष समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र श्योराण ने बताया कि इस अवसर पर संपदा अधिकारी के साथ एचएसवीपी के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। रैजिडेंस वैल्फेयर एसोसिएशन व सेक्टर निवासी भी मौके पर मौजूद थे। जितेन्द्र श्योराण ने कहा कि अल्टीमेटम से पूर्व ही विभाग द्वारा कार्रवाई किए जाने पर समिति ने एक सप्ताह के लिए धरना-प्रदर्शन टाल दिया है। उन्होंने कहा कि यदि एक सप्ताह में उक्त बार पर कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई जाती है तो समिति सेक्टरवासियों व शहरवासियों के साथ मिलकर धरना-प्रदर्शन करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी एचएसवीपी की होगी। सेक्टरवासियों ने कहा कि यदि एक सप्ताह में यहां से अवैध कब्जा नहीं हटाया जाता तो जिस प्रकार से बार ने पार्किंग की जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है उसी प्रकार सेक्टरवासी भी इस जगह को अपने निजी रूप से इस्तेमाल करना शुरू कर देंगे क्योंकि जब बार उस जगह पर अवैध कर सकता है और उसे कोई रोकने वाला नहीं है तो सेक्टरवासी भी ऐसा कर सकते हैं। आरडब्ल्यू प्रधान जितेंद्र श्योराण ने एसएसवीपी अधिकारी से मांग की कि इस अवैध कब्जे को हटवाकर सेक्टरवासियों को राहत प्रदान की जाए।

### योग को दैनिक जीवन में शामिल करके स्वस्थ रहें : हरपाल डांगी

**नारनौंद।** भारत स्वाभिमान संगठन एवं पतंजलि योग समिति तहसील बास द्वारा 11वें अंतरराष्ट्रीय योग पर्व के अवसर पर माता जियो देवी कॉलेज ऑफ एजुकेशन खांडा खेड़ी में 15 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में तीसरे दिन योग क्रिया करवा कर लोगों को जागरूक किया और स्वस्थ रहने के मंत्र दिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरपाल डांगी ने शिरकत की। हरियाणवी कलाकार रुद्र कौशिक भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने योग के बारे में बताया कि योग करने से मनुष्य स्वस्थ रहता है और उसकी इम्युनिटी पावर भी बढ़ती है। इसलिए हमें योग को अपनी जीवन शैली में शामिल करके हर रोज योग करना चाहिए। साथी आसपास के लोगों को भी इसके महत्व के बारे में बात कर उनका योग क्रिया सीखकर पुण्य के कार्य में भागीदारी करें। रामनिवास आर्य के योग प्राणायाम करवाए और दण्ड बैठक, सूर्य नमस्कार, योग दर्शन करवाए गए। वेद प्रकाश आर्य ने बताया कि शुद्ध आहार, शुद्ध विचार विषमुक्त खेती करके स्वस्थ रहने के टिप्स दिए बताएं कि फसलों में कीटनाशक दवाइयां डालना गलत है।




## पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने लोगों को जागरूक किया

# ऑनलाइन होटल सर्च करते समय रहें सावधान

- साइबर ठगी होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी



हांसी के पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन।

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने कहा है कि चारधाम की यात्रा प्रारंभ हो चुकी है। इसके लिए आमजन द्वारा विभिन्न वेबसाइट के माध्यम से होटल, टूर पैकेज और हेलीकॉप्टर आदि की बुकिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि साइबर ठगी से बचने के लिए आनलाइन बुकिंग करते समय पुरी सावधानी बरते। साइबर ठग चारधाम यात्रा के लिए किसी भी तरह की ऑनलाइन बुकिंग करने वालों को अपना शिकार बना रहे हैं। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बताया कि साइबर ठग नकली वेबसाइट, सोशल मीडिया प्रोफाइल और व्हाट्सएप अकाउंट के जरिए लोगों के साथ ठगी कर रहे हैं। आमजन चारधाम की यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर, गेस्ट हाउस, होटल बुकिंग, कैब टैक्सी सर्विस बुकिंग, होली-डे पैकेज और धार्मिक टूर जैसी सेवाओं की ऑनलाइन बुक करवाते है साइबर ठग इन वेबसाइट्स के नकली वर्जन बनाकर लोगों के साथ ठगी रहे हैं। अगर कोई भी नागरिक इन ठगों की वेबसाइट से बुकिंग करवाता है, तो उसके अकाउंट से पैसे तो पूरे कट जातें हैं लेकिन बुकिंग का कन्फर्मेशन नहीं मिलता। साथ ही वहां किसी से संपर्क करने से जुड़ी कोई जानकारी भी नहीं मिलती।

### यात्रा पर जा रहे हैं तो इन बातों का रखें ध्यान

एसपी ने कहा है कि अगर आप चारधाम यात्रा पर जा रहे हैं, और किसी भी तरह की सर्विस को ऑनलाइन बुक करना चाहते हैं, तो कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। कभी भी किसी भी सेवा का भुगतान करने से पहले वेबसाइट को अच्छे से जांच लें। वेबसाइट का एड्रेस कंफर्म जरूर करें। वेबसाइट के पते में हल्का सा भी फर्क होने पर पेमेंट न करें। साइबर ठग ऑफिशियल वेबसाइट्स से मिलते-जुलते वेबसाइट पते पर ही ठगी का रैकेट चलाते हैं। पहले ऑफिशियल सोर्स से सही वेबसाइट का पता मालूम करें और फिर बुकिंग करें। गूगल, व्हाट्सएप या फेसबुक पर किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। अगर बुकिंग के लिए किसी लिंक पर क्लिक करना है तो जांच लें कि आपको सही जगह से लिंक मिला है या नहीं। ट्रैवल एजेंसी को चुनते वक्त ध्यान रखें। किसी ऐसी एजेंसी को चुनें जो कि काफी समय से इस तरह की सेवाएं दे रही हैं। 'सस्ते के चक्कर में नई एजेंसियों पर सोच समझकर भरोसा करें। हमेशा ऑफिशियल वेबसाइट से ही बुकिंग करें। इससे ठगी होने की संभावना कम हो जाती है। उन्होंने कहा कि साइबर ठगी होने पर तुरंत साइबर 1930 पर कॉल करें।